रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1249] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 19, 2016/वैशाख 29, 1938
No. 1249] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 19, 2016/VAISAKHA 29, 1938

विदेश मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 16 मई, 2016

का.आ.1829(अ).—जबकि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने अपनी 7072वीं बैठक में 5 दिसंबर, 2013 को संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत संकल्प 2027 (2013) अंगीकृत किया था जिसमें सभी राष्ट्रों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) को उनके क्षेत्रों या उनके नागरिकों द्वारा या उनके झंडे वाले वाहनों का उपयोग करके या वायुयानों का प्रयोग करते हुए, सभी प्रकार के हथियार और उनसे संबंधित सामग्री, जिसमें आयुद्ध और गोला-बारूद, सैन्य वाहन और उपकरण, अर्द्धसैन्य उपकरण और उपर्युक्त उल्लिखित हेतु अतिरिक्त पुर्जे और तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय या अन्य सहायता, सैन्य क्रियाकलापों से संबंधित या किन्हीं शस्त्रों और संबंधित सामग्री के प्रयोग या उपाबंध, रख-रखाव जिसमें भाड़े पर लिए गए सशस्त्र कार्मिकों का उपाबंध शामिल हैं जोकि उनके क्षेत्र से संबंधित नहीं हैं, की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आपूर्ति की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने की तत्काल आवश्यकता है;

और जबकि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने अपनी 7103वीं बैठक में 28 जनवरी, 2014 को संकल्प 2034 (2014) को अंगीकृत किया जिसमें संकल्प 2034 (2014) के पैरा 32 के अनुसरण में और संकल्प 2027 (2013) के पैरा 57 के अनुसरण में स्थापित समिति द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यष्टिकों को उनके क्षेत्र द्वारा प्रवेश करने या यात्रा करने से रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय अपनाने के लिए जोकि 2013 के संकल्प 2127 के पैरा 57 के अनुसरण में स्थापित समिति द्वारा नामोदिष्ट व्यक्तियों या निकायों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व वाले या व्यक्तियों द्वारा या उनके आधार पर या उनके निर्देशन पर कार्य करने वाले निकायों या उनके द्वारा स्वामित्व वाले या नियंत्रित निकायों द्वारा उनके क्षेत्रों में सभी निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों और आर्थिक संसाधनों को बिना किसी देरी के सभी सदस्य राज्यों द्वारा स्थायीकरण करने की अपेक्षा की जाती है;

और जबकि, 22 जनवरी (2015) को स्वीकार किए गए संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के संकल्प 2196 (2015) में सभी राष्ट्रों से संकल्प 2134 (2014) और 2127 (2013) में दिए गए उपाबंधों का पूर्ण कार्यान्वयन करने की अपेक्षा की गई है।

और जबकि, केंद्रीय सरकार केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य (जिसे इसमें इसके पश्चात सीएआर के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) की एकता, संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा हेतु संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत अपनाए गए सुरक्षा परिषद के

उक्त संकल्पों के कार्यान्वयन हेतु संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947 (1947 का 43वां) के अंतर्गत एक आदेश जारी करना आवश्यक और समीचीन समझती है;

अतः अब केंद्रीय सरकार संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947 (1947का 43वां) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद् द्वारा उक्त संकल्पों को प्रभावी बनाने हेतु निम्निलिखित आदेश बनाती है, अर्थात:-

1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ:- (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य आदेश, 2016 पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्प का कार्यान्वयन है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख की तारीख को प्रवृत्त होगा।

2. परिभाषाएं- (1) इस आदेश में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क) "संकल्प" से अभिप्रेत है जो सीएआर की एकता, संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा हेतु संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत सुरक्षा परिषद द्वारा स्वीकार किए गए संकल्प 2121 (2013), 2134 (2014), 2149 (2014) और 2181 (2014), 2196 (2015), और 2217 (2015) और केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य के बारे में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत 5 दिसंबर, 2013 को अंगीकृत किया गया संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद का संकल्प 2127 (2013);

(ख) "अनुसूची" से अभिप्रेत है कि सुरक्षा परिषद द्वारा तैयार अवधारणा के आधार पर उनके उक्त संकल्प में बनाए गए इस आदेश से संलग्न अनुसूची है;

(ग) "समिति" से अभिप्रेत है जो संकल्प 2127 (2013) के पैराग्राफ 57 के तदनुसार संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद द्वारा स्थापित समिति है।

(2) इन शब्दों और पदों को जो इसमें प्रयुक्त किया गया है किंतु इस आदेश में परिभाषित नहीं किया गया है और तत्समय प्रवृत्त किसी भी विधियों में इनके अर्थ की व्याख्या की गई है व ऐसी विधियों में उन्हें प्रदान किया गया है।

3. व्यष्टिकों और असितत्व पर आदेश का उपयोग:- इस आदेश के उपाबंध, जिन्हें कि समय-समय पर संशोधित किया गया है, उक्त संकल्प के परिप्रेक्ष्य में और इस आदेश से संलग्न अनुसूची के उपाबंध 2 में आने वाले व्यष्टिकों और असितत्वों पर लागू होगा।

इस आदेश के प्रयोजनों के लिए, व्यष्टिक और असितत्व शब्द का अर्थ समय-समय पर ऐसी समिति द्वारा नामोदिष्ट और अद्यतन और इसकी वेबसाइट: http://www.un.org/sc/committees/dfp.shtml में विनिर्दिष्ट व्यक्ति और निकाय

4. संकल्प को प्रभावी करने के लिए केंद्रीय सरकार की शक्तियां:- सुसंगत विधियों के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार के पास आवश्यक उपाय करने की सभी शक्तियां होंगी।

(1) शस्त्र प्रतिरोध

(क) केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) को उनके क्षेत्रों या उनके राष्ट्रिकों द्वारा या उनके झंडे वाले वाहनों का उपयोग करके या वायुयानों का उपयोग करते हुए, सभी प्रकार के शस्त्र और उनसे संबंधित सामग्री, जिसमें आयुद्ध और गोला-बारूद, सैन्य वाहन और उपकरण, अर्द्धसैन्य उपकरण और उपर्युक्त उल्लिखित हेतु अतिरिक्त पुर्जे और तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय या अन्य सहायता, सैन्य क्रियाकलापों से संबंधित या किन्हीं शस्त्रों और संबंधित सामग्री के उपयोग या उपाबंध, रख-रखाव जिसमें भाड़े पर लिए गए सशस्त्र कार्मिकों का उपाबंध सम्मिलित हैं जोकि उनके क्षेत्र से संबंधित नहीं हैं, की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आपूर्ति की रोकथाम।

(ख) मदों को अधिग्रहण करना, रजिस्टर करना और बिक्री करना (जैसे कि विनाश, अप्रभावी, प्रतिपादन, भंडारण या निस्तारण के लिए लक्ष्य राष्ट्र या मूल राष्ट्र के अलावा राष्ट्र को स्थानांतरित करने हेतु) की आपूर्ति, बिक्री, स्थानांतरण या निर्यात जिसे कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 1 द्वारा प्रतिषिद्ध किया गया है।

परंतु कि सैन्य प्रतिरोध के उपर्युक्त उपाबंध निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होंगे अर्थात:-

(i) केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य में संयुक्त बहुआयामी एकीकृत स्थायीकरण मिशन (एमआईएमयूएससीए), अफ्रीकी संघ- क्षेत्रीय राष्ट्र कार्यबल (एयू-आरटीएफ), और यूरोपियन संघ मिशनों और सीएआर में नियुक्त फ्रांसीसी सेनाओं (जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 1 के उप-पैरा में उल्लेख किया गया है) द्वारा आपूर्ति के लिए या उपयोग के लिए की गई आपूर्तियां।

(ii) सीएआर में एमआईएनयूएससीए, एयू-आरटीएफ, यूरोपीय संघ मिशन और फ्रांसीसी बल को संगठनात्मक सलाह या सीएआर सरकारी बलों को गैर-परिचालन प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जैसा कि उनके आदेश के कार्यान्वयन के लिए संगत है, और इन बलों को अपनी नियमित रिपोर्टों के भाग के रूप में परिषद को इस बारे में अपनाए गए उपायों और रिपोर्ट करने हेतु अनुरोध किया गया है। (जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 1 के उपपैरा (ख) में कथित किया गया है।)

(iii) केवल मानवतावादी या प्रतिरक्षा उपयोग के लिए अभीष्ट गैर-घातक सैन्य उपकरणों की आपूर्ति तथा समिति द्वारा अग्रिम रूप से अनुमोदित (जैसा कि संकल्प 2196 (2015) संकल्प के पैरा 1 के उपपैरा (ग) में कथित किया गया है।)

(iv) संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों, मीडिया, मानवता और विकास कार्यकर्ताओं तथा संबद्ध कार्मिकों के प्रतिनिधियों द्वारा 'कार' को अस्थायी तौर पर निर्यात किए गए रक्षात्मक वस्त्र जैसे फ्लैक जैकेट, मिलिट्री हेलमेट, का केवल उनके व्यक्तिगत उपयोग के लिए (जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 1 के उप पैरा (घ) में कथित है);

(v) छोटे आयुधों तथा अन्य संबंधित उपस्करों की आपूर्ति जिनका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय गश्ती के लिए संघ-ड्राई नेशनल संरक्षित क्षेत्र में अवैध शिकार, हाथीदांत तथा हथियारों की तस्करी तथा कार के राष्ट्रीय विधि के विपरित अन्य गतिविधियों या 'कार' के अंतर्राष्ट्रीय दायित्व को पूरा करने के लिए कहा जाएगा। (जैसा कि संकल्प संख्या 2196 (2015) के पैरा 1 के उप पैरा (ङ) में कथित है);

(vi) 'कार' सुरक्षा सेनाओं को आयुध और अन्य घातक हथियार की आपूर्ति जिसे सुरक्षा सेक्टर सुधार की 'कार' प्रक्रिया (एसएसआर) में उपयोग के लिए समर्थन दिया जा सके जैसा कि समिति द्वारा अग्रिम तौर पर अनुमोदन दिया गया है जैसा कि संकल्प संख्या 2196 (2015) के पैरा 1 के उप पैरा (च) में कथित है;

(vii) अन्य बिक्री या आयुधों तथा संबंधित सामग्री की आपूर्ति या सहायता अथवा कार्मिक का उपाबंध जैसा कि समिति द्वारा अग्रिम तौर पर अनुमोदन दिया गया है। (जैसा कि संकल्प संख्या 2196 (2015) के पैरा 1 के उप पैराग्राफ (छ) में कथित है);

(2) यात्रा पाबंदी

समिति द्वारा अभिहित व्यष्टिकों को अपने राज्यक्षेत्र के माध्यम से प्रवेश या अभिवहन रोकना बशर्ते कि इस पैरा में कही गई कोई भी बात किसी राज्य को अपने राष्ट्रिको को अपने राज्यक्षेत्र में प्रवेश करने से निवारित नहीं करेगी:

परंतु यह और कि यात्रा पाबंदी से संबंधित पूर्वोक्त उपाबंध निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होंगे अर्थातः-

(i) मानवीय आवश्यकता, धार्मिक बाध्यता जिसमें मामला दर मामला आधार पर निर्धारित दायित्व शामिल हो (जैसा कि संकल्प संख्या 2196 (2015) के पैरा 5 के उप पैराग्राफ (क) में कहा गया है;)

(ii) किसी न्यायिक प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रविष्टि या ट्रांजिट (जैसा कि संकल्प संख्या 2196 (2015) के पैराग्राफ 5 के उप पैरा (ख) में कथित है);

(iii) 'कार' में शांति और राष्ट्रीय सुलह के उद्देश्य को आगे बढ़ाना और क्षेत्र में स्थिरता जैसा कि मामला दर मामला आधार पर अवधारित किया गया है। (जैसा कि संकल्प संख्या 2196 (2015) के पैरा 5 के उप पैरा (ग) में कथित है);

(3) आस्ति पर रोक लगाना

(क) अविलंब उन पर सभी निधियां, वित्तीय आस्तियों और आर्थिक संसाधनों जो उनके राज्यक्षेत्र में हों या समिति द्वारा नामोदिष्ट व्यक्तियों या संस्थाओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व या नियंत्रण में हों या उनकी ओर से या उनके निदेश पर कार्यरत व्यष्टिकों या संस्थाओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व या नियंत्रण वाली संस्थाओं के स्वामित्व या नियंत्रण में हों पर रोक लगाना;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि उनके राष्ट्र को या व्यष्टिकों या उनके राज्यक्षेत्र में स्थित संस्थाओं द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही निधियों, वित्तीय आस्तियों या आर्थिक संसाधनों का इस्तेमाल समिति द्वारा नामोदिष्ट व्यष्टिकों या संस्थाओं के फायदे के लिए न किया जाए;

परंतु आस्ति अवरोधन के उपरोक्त उपाबंध निम्नलिखित मामलों में निधियों और अन्य आर्थिक उपायों पर लागू नहीं होंगे, अर्थातः-

i) भारत सरकार द्वारा जिन्हें बुनियादी जरूरतों के लिए आवश्यक माना गया है जिनमें खाद्य पदार्थ, किराया या रेहन, दवाइयां और चिकित्सा उपचार कर, बीमा प्रीमियम और सार्वजनिक जनोपयोगी प्रभार शामिल हैं या जो राष्ट्रीय विधियों के अनुसार विधिक सेवाओं के उपाबंध से जुड़े उद्भूहित व्यय की प्रतिपूर्ति या उचित वृत्तिक फीस की भुगतान के लिए हों या राष्ट्रीय विधि के अनुसार जो फीस या सेवा प्रभार नेमी जोत या अवरोधित निधियों, अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों या आर्थिक संसाधनों के लिए हों जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 8 के उप पैरा (क) में कथित है;

ii) जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 8 के उप पैरा (ख) में यथावर्णित समिति द्वारा यथाअनुमोदित असाधारण व्ययों के लिए आवश्यक हो;

iii) न्यायिक, प्रशासनिक या विवाचन धारणाधिकार या निर्णय का विषय हो जिस मामले में अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों या आर्थिक संसाधनों का प्रयोग उस धारणाधिकार या निर्णय के लिए किया जा सकता हो बशर्ते कि वह धारणाधिकार या निर्णय वर्तमान संकल्प की तारीख से पहले का हो तथा समिति द्वारा नामोदिष्ट किसी व्यक्ति या संस्था के लिए न हो और सुसंगत राज्य या सदस्य राज्यों द्वारा समिति में अधिसूचित किया गया हो जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 8 के उप पैरा (ग) में कहा गया हो;

iv) जैसा कि भारत सरकार द्वारा अवधारित किया गया है, उन खातों में देय ब्याज या अन्य आय या इस संकल्प के उपाबंधों के अधीन आने वाले उन खातों की तारीख से पहले की गई संविदाओं, करारों या दायित्वों के तहत देय भुगतान बशर्ते कि इस प्रकार का कोई ब्याज, अन्य आय भुगतान इन उपाबंध के विषय बने रहेंगे तथा और रोक लगाई गई संपत्ति बने रहेंगे जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 9 में कथित है;

v) ऐसे व्यक्ति या संस्था के सूचीबद्ध किए जाने से पूर्व की गई किसी संविदा के तहत देय भुगतान बशर्ते कि संबंधित राज्यों ने तय किया हो कि भुगतान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी नामोदिष्ट व्यक्ति या संस्था द्वारा प्राप्त नहीं किया गया है और संबंधित राज्यों द्वारा समिति को इस प्रकार का भुगतान करने या प्राप्त करने या जहां उचित हो निधियां, इस प्रयोजन से अन्य वित्तीय आस्तियों या आर्थिक संसाधनों पर से रोक हटाने की अधिसूचना के बाद इस प्रकार अधिसूचित किए जाने से पूर्व दस कार्य दिवस जैसा कि संकल्प 2196 (2015) के पैरा 10 में कथित है;

अनुसूची

[पैराग्राफ 2 (ख) देखें]

उपाबंध

5 दिसम्बर, 2013 को अंगीकृत संयुक्त राष्ट्र संघ संकल्प 2127 (2013) का पाठ।

संकल्प 2127 (2013)

सुरक्षा परिषद द्वारा इसकी 7072वीं बैठक में 5 दिसम्बर, 2013 को अंगीकृत।

सुरक्षा परिषद

केन्द्रीय अफ्रीकी गणराज्य (कार) पर इसके पूर्ववर्ती संकल्पों और विवरणों, विशेष रूप से संकल्प 2121 (2013) का स्मरण करते हुए;

'कार' की संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता और एकता के प्रति अपनी प्रबल प्रतिबद्धता की अभिपुष्टि करना और अच्छे पड़ोसी होने तथा क्षेत्रीय सहयोग के सिद्धांत को याद करना;

'कार' की निरंतर बिगड़ती सुरक्षात्मक स्थिति जिसमें विधि और व्यवस्था पूरी तरह से असफल हो रही है, विधि के शासन का अभाव है, परस्पर धार्मिक तनाव है पर गहरी चिंता व्यक्त करना तथा मध्य एशिया क्षेत्र में और उसके आगे 'कार' में अस्थिरता के परिणामों के बारे में और गंभीर चिंता व्यक्त करना तथा इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शीघ्र प्रतिक्रिया व्यक्त करने पर बल देना था;

अंतर्राष्ट्रीय मानव विधि के बार-बार बढ़ते उल्लंघन तथा व्यापक मानवाधिकार उल्लंघन और दुरूपयोग, विशेष रूप से 'सेलेका' और आतंकवादी समूहों द्वारा खास तौर पर विरोध बलाका रूप में विख्यात, जिसमें न्यायेतर हत्या, बलात गायब करना, मनमाने ढंग से गिरफ्तारी तथा नजरबंदी, उत्पीड़न, महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध यौन हिंसा, बलात्संग, भर्ती, बच्चों का प्रयोग तथा सिविलयनों के खिलाफ आक्रमण पर गंभीर रूप से चिंता व्यक्त करना, हिंसा और प्रतिकार की नई गति और इसके देशव्यापी धार्मिक और नृजातीय विभाजन, जिसमें स्थिति को अनियंत्रणीय बनाने की संभावना हो जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर अपराध विशेषकर युद्ध में और मानवता के विरुद्ध हो रहे हों और जिसकी गंभीर क्षेत्रीय विवक्षाएं हों पर उल्लेखनीय विशेष चिंता व्यक्त करना;

इसके अतिरिक्त पुलिस तथा न्याय के ऐसे उल्लंघनों और दुरूपयोग को करने वाले लोग सुधार संस्थाओं, अपर्याप्त क्षमता के संबंध में आगे चिंता व्यक्त करना;

नृजातीय और धार्मिक समूहों के लोगों तथा उनके नेताओं को निशाना बनाने वाली हिंसा की भर्त्सना करना तथा 'कार' के सभी पक्षकारों और पणधारियों को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सहयोग से अंतर-सामुदायिक और अंतःविश्वास को सहायता देना और कारगर ढंग से योगदान करना जिसका उद्देश्य धरातल से वर्तमान तनाव का उपशमन करना;

इस बात को दोहराना कि ऐसे कार्यों को बार-बार करने वाले जवाबदेह बनाए जाएं तथा उनमें से कुछ कार्य रोम स्टेट्यूट ऑफ दि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी)के अंतर्गत अपराध माने जाएंगे, 'कार' जिसका पक्षकार है तथा आईसीसी के अभियोजक द्वारा 7 अगस्त, 2013 को दिए गए कथन को याद करना;

प्राकृतिक विरासत को नष्ट करने के प्रति अपनी भर्त्सना दोहराना तथा ध्यान करना की जानवरों का अवैध शिकार तथा वन्यजीव के साथ दुर्व्यवहार ऐसे दो कारण हैं जो 'कार' में संकट बढ़ाते हैं;

'कार' को बीच में रोकने के लिए किम्बरले प्रक्रिया के निर्णय को ध्यान करना;

कार में स्थिति तथा एमआईएससीए के संबंध में महासचिव के तारीख 15 नवम्बर, 2013 की रिपोर्ट का स्वागत करना तथा एमआईएससीए के अंतर्राष्ट्रीय समर्थन के लिए विस्तृत विकल्पों का ध्यान रखना;

इस बात का स्मरण करना कि संक्रमण प्राधिकारियों (ट्रांजिसनल ऑथिरिटी) की मुख्य जिम्मेदारी सिविलियन जनता की रक्षा करने की होती है;

सशस्त्र संघर्ष होने पर सिविलियन जनता की रक्षा के संबंध में इसके संकल्प 1265 (1999), 1296 (2000), 1674 (2006), 1738 (2006) और 1894 (2009), सशस्त्र संघर्ष होने पर बच्चों के संबंध में इसके संकल्प 1612 (2005), 1882 (2009), 1998 (2011) और 2068 (2012) महिलाओं शांति और सुरक्षा के संबंध में इसके संकल्प 1325 (2000), 1820 (2008), 1888 (2009), 1889 (2009), 1960 (2010), 2106 (2013) और 2122 (2013) का स्मरण करना तथा 'कार' में शामिल पक्षकारों को बच्चों तथा सशस्त्र संघर्ष के विशेष प्रतिनिधियों तथा संघर्ष होने पर यौन हिंसा से संबंधित विशेष प्रतिनिधियों के साथ जुड़ने के लिए आह्वान करना;

इस बात के महत्व पर बल देना कि संक्रमणकालीन प्राधिकारी संघर्ष से जुड़ी सभी संगत चर्चाओं में स्त्रियों की पूरी और समान सहभागिता सुनिश्चित करें;

हथियारों की तस्करी तथा भाड़े के सैनिकों (मर्सेनीज) का इस्तेमाल तथा अतिवादी नेटवर्क बनाने की संभावना वाले स्थलों को शामिल कर 'कार' में दांडिक क्रियाकलाप के लिए अनुकूल माहौल बनाना।

अपने संकल्प 2117 (2013) को वापस मांगना तथा गलत अंतरण, अस्थिर करने वाले संचयन तथा छोटे हथियारों से 'कार' के लिए उत्पन्न विधि और व्यवस्था के लिए खतरे के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करना;

मौजूदा सुरक्षा की स्थिति के भाग के रूप में 'कार' में देय लार्ड रेसिस्टेंस आर्मी (एलआरए) की क्रियाकलाप के बारे में निरंतर चिंता व्यक्त करना;

'कार' में बिगड़ती मानवता की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करना तथा यूएन के कर्मचारियों और मानवाधिकार से जुड़े कार्मिकों, सामान और परिसरों पर बार-बार किए जाने वाले हमलों तथा मानवीय सहायता के लूटने, जिससे मानवीय सहायता पहुंचाने में बाधा पहुंचती है, की कड़े शब्दों में भर्त्सना करना;

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता के उपाबंध जिसमें मानवीय सहायता के उपाबंधों में तटस्थता, निरपेक्षता, मानवता और स्वतंत्रता शामिल हैं, को सम्मान देने के महत्व को रेखांकित करना;

मानवता से जुड़े कार्मिकों और संयुक्त राष्ट्र तथा इसके सहयोगी कार्मिकों और उनकी आस्तियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए सभी पक्षकारों से अनुरोध करना;

अपने अध्यक्ष के तारीख 29 अक्तूबर के पत्र का स्मरण करना जिसमें बी.आई.एन.यू.सी.ए. के भाग के रूप में 'कार' के लिए एक गार्ड यूनिट तैनात करने को अनुमोदन प्रदान किया गया था तथा महासचिव के तारीख 26 नवम्बर, 2013 के पत्र का ध्यान रखना जिसमें बी.आई.एन.यू.सी.ए. में गार्ड यूनिट की तैनाती की दिशा में की गई प्रगति पर प्रकाश डाला गया है तथा इस प्रकार की गार्ड यूनिट के लिए 5 नवम्बर को अभिव्यक्त संक्रमणकालीन प्राधिकारियों की सहमति का ध्यान रखना तथा इस संबंध में इस यूनिट मोरक्को किंगडम द्वारा की गई सहायता का स्वागत करना;

'कार' में "अफ्रीकी नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय सहायता मिशन" (इसके इसे एमआईएससीए कहा गया है) की अफ्रीका शांति और सुरक्षा संघ के निर्णय और 10 अक्तूबर, 2013 को प्रचालन के नए अंगीकरण का स्वागत करना;

'कार' संकट के बारे में केन्द्रीय अफ्रीकी राज्य आर्थिक समुदाय (ईसीसीएएस) के चल रहे प्रयासों, संकट का समाधान करने के लिए अफ्रीकी यूनियन के प्रयासों तथा कार के बारे में अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह के प्रयासों के लिए अपने प्रयासों को दोहराना;

'कार' के लिए यूरोपीय संघ (इयू) की संलग्नता, विशेषकर 21 अक्तूबर, 2013 के विदेशी मामलों के परिषदों के निष्कर्ष तथा अफ्रीकी शांति सुविधा के दायरे में एमआईएससीए की तैनाती के लिए डी यू को वित्तीय योगदान के प्रति प्रतिबद्धता का स्वागत करना इसके अतिरिक्त संभावित अतिरिक्त सहायता के संबंध में डी यू के भीतर ही चल रही चर्चा का स्वागत करना;

प्रेसीडेंट के टिप्पण (एस/2006/997) में दिए गए मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा परिषद अनुषंगी आर्गन ब्रांच के लिए रोस्टर का विस्तार करने और उसमें सुधार करने के लिए सचिवालय द्वारा किए गए प्रयासों का स्वागत करना;

बैंगुली में 8 नवम्बर, 2013 को आयोजित 'कार' से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह की तीसरी बैठक में अंगीकृत घोषणा को ध्यान में रखना;

13 नवम्बर, 2013 की एयू-पीएससी विज्ञाप्ति को ध्यान में रखना जो सुरक्षा परिषद से आग्रह करती है कि शीघ्र एक संकल्प स्वीकार करे जिसमें एमआईएससीए की विनियोजन को समर्थन और प्राधिकृत किया गया है;

'पीसबिल्डिंग कमीशन' के अध्यक्ष का 22 नवम्बर, 2013 के पत्र को ध्यान में रखना जिसमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा और मानवीय स्थिति के कारण आई स्थिरता के उपरांत 'कार' की शांति स्थापित करने वाली जरूरतों को सुनिश्चित किया जाए और इस संबंध में साझेदारों तथा कार्यशील लोगों के ध्यान और प्रतिबद्धता को संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय प्रयासों के समर्थन में आकर्षित करने और बनाए रखने में आयोग की भूमिका पर बल देना;

'कार' प्राधिकारियों के 20 नवम्बर, 2013 के पत्र को ध्यान में रखना जिसमें फ्रांसीसी बलों द्वारा एमआईएससीए को समर्थन देने का अनुरोध किया गया है;

'कार' में कार्यरत सभी उप क्षेत्रीय, क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का एक दूसरे के साथ समन्वय बढ़ाकर उनके महत्व को रेखांकित करना;

इस स्थिति को अवधारित करना कि 'कार' में स्थिति से अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरा है;

संयुक्त राष्ट्र चार्टर 7 के अधीन कार्य करना;

राजनीतिक प्रक्रिया

1. 11 जनवरी, 2013 के लिबरविले करार, 18 अप्रैल, 2013 के एन डजामेना घोषणा, 3 मई, 2013 की ब्राजाविले अपील तथा 8 नवम्बर, 2013 को बांगुई में आयोजित तीसरी बैठक में कार पर अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह द्वारा अंगीकृत घोषणा के प्रति अपना समर्थन देना;

2. इस बात को दोहराना कि लिबरविले में हस्ताक्षरित राजनीतिक करार के अनुसार प्राइम मिनिस्टर 'गवर्नमेंट ऑफ नेशनल यूनिटी' का अध्यक्ष है जो इस करार के अनुच्छेद 5 में परिभाषित परिभाषाओं को कार्यान्वित करने के संबंध में प्रभारी होता है और सभी पक्षकारों इस करार का सम्मान करने का अनुरोध करता है;

3. इससे पुनः यह बात दोहराई गई है कि लोकतंत्र, चुनाव और अभिशासन से संबंधित अफ्रीकी चार्टर लिबरविले करार, संगत ईसीसीएएस निर्णय तथा संक्रमण (ट्रांजिशन) के लिए संवैधानिक चार्टर के अनुसार, ट्रांजिशन के अध्यक्ष प्रधान मंत्री नेशनल ट्रांजिशन काउंसिल (एनटीसी) के प्रधान, मंत्रीगण और एनटीसी ब्यूरो के सदस्य संवैधानिक व्यवस्था की बहाली के लिए लाक्षित चुनावों में भाग नहीं ले सकते;

4. संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से देश के पूरे राज्यक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तत्काल निःशस्त्रीकरण छावनी और सभी सशस्त्र समूहों को भंग करने के लिए समुचित कदम उठाने के लिए अनुरोध करना;

5. उपरोक्त पैरा 1 में निर्दिष्ट संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं के त्वरित कार्यान्वयन की मांग करता है जिससे ट्रांजिशन अवधि शुरू होने के 18 मास बाद राष्टपतीय और विधान-मंडल के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो सकेंगे जैसा कि संक्रमणकालीन चार्टर के अनुच्छेद 102 में परिभाषित किया गया है जो 18 अगस्त, 2013 को लागू हुआ था और जिसमें एन इजामेना घोषणा के लिए आह्वान किया गया था;

6. इस बात पर दुःख व्यक्त करता है कि संक्रमणकालीन प्राधिकारियों ने संक्रमणकालीन ढांचे के प्रमुख तत्वों, विशेषकर फरवरी, 2015 तक निर्वाचन करवाने के संबंध में सीमित प्रगति की है और इस संबंध में संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से आह्वान करता है कि राष्ट्रीय निर्वाचन प्राधिकारियों की व्यवस्था करें जिससे संयुक्त राष्ट्र संघ निर्वाचनों के सफल आयोजन की तकनीकी अपेक्षाओं को चिह्नित कर सकेगा;

7. संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से सेंट एडिगो के तत्वाधान में 7 नवम्बर, 2013 को संक्रमणकालीन प्राधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित 'गणतंत्रात्मक समझौते' कार्यान्वित करने का अनुरोध करता है जिसे देश के सभी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक पक्षकारों के बीच एक समावेशी राष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने के लिए विश्वसनीय ढांचे के रूप में विकसित किया गया था। साथ ही यह महासचिव से अनुरोध करता है कि वे 'कार' के अपने प्रतिनिधि के माध्यम में संक्रमणकालीन प्राधिकारियों को सहायता देने के लिए उचित कदम उठाएं जिससे वे अपनी मध्यस्थता क्षमता को बढ़ा सकें तथा ऐसे संवाद को सुकर और सुदृढ़ बना सकें;

8. संक्रमणकालीन के प्रबंधन की बारीकी से निगरानी करने की इसकी आशय को दोहराता है और महासचिव के विशेष प्रतिनिधि (एसआरएसजी) तथा ईसीसीएएस मध्यस्थ की भूमिका की सराहना करता है;

9. संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने में महत्वपूर्ण सहायता देने तथा लिबरविले करार का कार्यान्वयन करने की चल रही राजनीतिक प्रक्रिया तथा एन इ्जामेना रोड मैप तथा निर्वाचन प्रक्रिया के लिए बीआईएनयूसीए की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अपना समर्थन व्यक्त करता है;

10. यह निर्णय लेता है कि उपरोक्त पैराग्राफ 1 में संदर्भित कोई ट्रांजिशनल व्यवस्था को विलंबित करने, अड़चन डालने या उल्लंघन करने का प्रयास शांति प्रक्रिया के लिए बाधा समझा जाएगा तथा ऐसा करने पर नीचे पैराग्राफ 56 में परिभाषित उचित कदम उठाए जा सकते हैं;

डीडीआर/एसएसआर

11. संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से अनुरोध करता है कि निःशस्त्रीकरण, लामबंद न करने और पुनःसमेकन (डीडीआर) या निःशस्त्रीकरण, लामबंद न होने, प्रत्यावर्तन, पुनःसमेकन और पुनःव्यवस्थापन (डीडीआरआरआर) कार्यक्रम विकसित कर कार्यान्वित करें जिसमें पूर्ववर्ती 'सेलेका' तत्वों को शामिल करें जिन्हें सुरक्षा बलों में शामिल नहीं किया जाएगा तथा सशस्त्र बलों और समूहों से संबद्ध बालकों को शामिल नहीं किया जाएगा;

12. इसके अतिरिक्त संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से एक व्यापक और राष्ट्रीय स्वामित्व सुरक्षा सेक्टर सुधार (एसएसआर) कार्यक्रम विकसित कर कार्यान्वित करें जिसमें उचित विधीक्षा प्रक्रिया शामिल है जिससे वृत्तिक, संतुलित और प्रतिनिधि मूलक सुरक्षा बलों का पुनर्गठन किया जा सके जिनका चयन मानव अधिकारों और राष्ट्रिकता के आधार पर किया गया हो तथा इन प्रयोजनों से संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से बीआईएनयूसीए तथा एमआईएससीए को सहयोग करने का आह्वान करता हो;

13. सदस्य राज्यों, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जिसमें अफ्रीकी संघ, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ शामिल हैं, को बुलाना ताकि संक्रमणकालीन प्राधिकारियों द्वारा सुरक्षा सेक्टर में सुधार करने के प्रयास में उनके सहयोग का समन्वय किया जा सके;

विधि का शासन

14. पुलिस, न्याय और सुधार संस्थाओं की क्षमता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को रेखांकित करना ताकि विधि का शासन बनाए रखा जा सके तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवीय विधि, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधि और मानवाधिकारों का दुरुपयोग करने वालों पर विधि कार्रवाई की जा सके;

15. इसके अतिरिक्त, संक्रमणकालीन प्राधिकारियों को सुदृढ़ करने के लिए सहायता देने के महत्व को रेखांकित करता है ताकि वह सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर सकें और राज्य प्राधिकार का विस्तार कर सकें।

प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा

16. 'कार' में प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन, जिससे लगातार संघर्ष बढ़ता है, की भर्त्सना करता है तथा इन अवैध गतिविधियों, जिनमें सशस्त्र समूहों, तस्करों तथा अन्य तत्वों पर दबाव डालना शामिल है, को समाप्त करने के महत्व को रेखांकित करता है;

मानव अधिकारों को प्रोत्साहन और रक्षा

17. सशस्त्र समूहों, विशेषकर पूर्ववर्ती 'सेलेका' तत्वों, बलाका विरोधी तत्वों और एलआरए, जो लोगों के लिए खतरा उपस्थित करते हैं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवीय विधि और मानवाधिकारों के व्यापक उल्लंघन की कड़ी निंदा करता है और इस बात पर बल देता है कि ऐसे उल्लंघन करने वालों पर विधि के अनुसार कार्रवाई की जाए;

18. संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए आग्रह करता है कि वह सभी उल्लंघनकर्ताओं और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वालों तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वालों को अविलंब जवाबदेह ठहराएं;

19. बढ़ती अंतर-धार्मिक और अंतर-सांप्रदायिक हिंसा तथा नृजातीय और धार्मिक समूहों तथा उनके नेताओं को निशाना बनाने पर गहरी चिंता व्यक्त करता है तथा 'कार' के सभी पक्षकारों और पणधारियों से आग्रह करता है कि वे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का सहयोग लेकर अंतर-सामुदायिक तथा अंतर-विश्वासी संवाद को मजबूत बनाएं ताकि जमीनी स्थिति को और बदतर होने से बचाया जा सके;

20. अपनी मांग को दोहराता है कि सभी सशस्त्र समूह, विशेषकर पूर्व 'सेलेका' के तत्व और एंटी-बलाका तत्व बालकों की भर्ती और उनका उपयोग करना समाप्त करें कि सभी पक्षकार सशस्त्र समूहों और सशस्त्र बलों की कैद से छोड़े गए या अन्य प्रकार से अलग हुए बालकों को पीड़ित समझें तथा सशस्त्र समूहों से सम्बद्ध सभी बच्चों की रक्षा, मुक्ति और पुनःशामिल किए जाने पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल देता है;

21. जनता की सुरक्षा करने तथा भूभाग में सुरक्षा और एकता सुनिश्चित करने की संक्रमणकालीन प्राधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी को रेखांकित करता है तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवीय विधि, मानवीय अधिकार विधि तथा शरणार्थी विधि के लिए सम्मान सुनिश्चित करने की उनकी जिम्मेदारी को रेखांकित करता है;

22. 'कार' में सशस्त्र संघर्ष से जुड़े सभी पक्षकारों, जिसमें पूर्व 'सेलेका' तत्व और बलाका विरोधी तत्व शामिल हैं, से इस आशय के आदेश जारी करने का आह्वान करता है कि वे लागू अंतर्राष्ट्रीय विधि का उल्लंघन कर बालकों के विरुद्ध किए जाने वाले दुरूपयोग जैसे भर्ती और उपयोग, हत्या या अपंग बनाना, अपहरण और स्कूलों तथा अस्पतालों पर आक्रमण पर प्रतिबंध लगाएं। इसके अतिरिक्त यह संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से कथित दुरूपयोग की जांच समय से करने के संबंध में विशिष्ट प्रतिबद्धताएं करने और उनका कार्यान्वयन करने का आह्वान करता है ताकि लगातार ऐसा करने वालों को जवाबदेह ठहराया जा सके और ऐसे उल्लंघन या दुरूपयोग करने के लिए जिम्मेदार लोगों को सुरक्षा सेक्टर से बाहर निकालना सुनिश्चित किया जा सके;

23. 'कार' में सशस्त्र संघर्ष से जुड़े सभी पक्षकारों, जिसमें पूर्व सेलेका तत्व शामिल हैं, से आह्वान करता है कि वे यौन हिंसा के विरूद्ध स्पष्ट आदेश जारी करें इसके अतिरिक्त यह संक्रमणकालीन प्राधिकारियों से कथित दुरूपयोग की जांच समय से करने के संबंध में विशिष्ट प्रतिबद्धताएं करने और उनका कार्यान्वयन करने का आह्वान करता है ताकि संकल्प 1960 (2010) और 2106 (2013) के अनुरूप लगातार ऐसा करने वालों को जवाबदेह ठहराया जा सके तथा यौन हिंसा के शिकार लोगों को उपलब्ध सेवाओं में प्रवेश दिलाया जा सके;

24. यह अनुरोध करता है कि महासचिव अंतर्राष्ट्रीय मानव विधि और मानवाधिकार विधि के विशेषज्ञों को शामिल कर शुरू-शुरू में एक वर्ष के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय जांच आयोग का तेजी से गठन करें ताकि 01 जनवरी, 2013 से 'कार' के सभी पक्षकारों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव विधि, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधि के उल्लंघन तथा मानवाधिकारों के दुरूपयोग की जांच तत्काल शुरू की जा सके, लगातार इस प्रकार का दुरूपयोग और उल्लंघन करने की पहचान करने में सहायता दी जा सके, उनकी संभावित दांडिक दायित्व की ओर संकेत किया जा सके तथा जिम्मेदार लोगों को उत्तरदायी ठहराना सुनिश्चित किया जा सके और सभी पक्षकारों से इस आयोग को पूरी तरह से सहयोग देने का आह्वान करता है;

25. महासचिव से यह अनुरोध भी करता है कि इस संकल्प को अंगीकार किए जाने के एक वर्ष छह मास बाद जांच आयोग के निष्कर्षों को सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करें;

26. महासचिव से यह अनुरोध भी करता है कि मानवाधिकार उच्चायुक्त (एचसीएचआर) के साथ मिलकर 'कार' में मानवाधिकार निगरानी की संख्या की तैनाती में पुष्टि करें;

27. सदस्य राज्यों को ऐसे कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है जो उसके राष्ट्रिको को ऐसी क्रियाकलापों में भाग लेने के लिए 'कार' की यात्रा करने से हतोत्साहित करें जिनसे शांति भंग हो, राजनीतिक प्रक्रिया को खतरा उपस्थित हों या मानवाधिकारों के उल्लंघन को समर्थन मिलता हो;

एमआईएससीए की अभिनियोजन

28. इस संकल्प को अंगीकार किए जाने के बाद 12 महीनों के लिए एमआईएससीए की तैनाती को प्राधिकृत करता है जिसकी समीक्षा इस संकल्प को अंगीकार किए जाने के बाद की जाएगी, जो 19 जुलाई, 2013 को अंगीकृत और 10 अक्तूबर, 2013 को पुनरीक्षित प्रचालनों की अवधारणा के अनुरूप सभी आवश्यक कदम उठाएगा;

(i) उपयुक्त उपायों का प्रयोग कर सिविल नागरिकों की रक्षा तथा सुरक्षा और शांति व्यवस्था का प्रत्यावर्तन;

(ii) देश को स्थिर बनाना तथा देश के संपूर्ण राज्यक्षेत्र में राज्य के प्राधिकार का प्रत्यावर्तन;

(iii) जरूरतमंद लोगों को मानवीय आवश्यकता के उपाबंध के लिए अनुकूल शर्तों का सृजन;

(iv) संक्रमणकालीन प्राधिकारियों के नेतृत्व में डीडीआर या डीडीआरआरआर और बीआईएनयूसीए द्वारा समन्वय;

(v) संक्रमणकालीन प्राधिकारियों के नेतृत्व में और बीआईएनयूसीए के समन्वय से रक्षा और सुरक्षा में सुधार करने और पुनर्संरक्षित करने के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयास;

29. एमआईसीओपीएएक्स से एमआईसीए को संक्रमण के सभी पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए संयुक्त राष्ट्र तथा सदस्य राज्यों द्वारा दिए गए सहयोग तथा ए यू आयोग और मध्य अफ्रीकी क्षेत्र के देशों के बीच परामर्श का स्वागत करता है जिसमें 7 से 10 अक्तूबर, 2013 तक अदीस अबाबा में आयोजित बैठक के परिणाम भी शामिल हैं;

30. ए यू तथा ईसीसीएएस से यह सुनिश्चित करने के लिए अनुरोध करता है कि एमआईसीओपीएक्स से एमआईएससीए को प्राधिकार का अंतरण 19 दिसम्बर, 2013 तक कर दिया जाए और यह ध्यान करता है कि एयू-पीएससी ने एयू आयोग को आहूत किया है कि वह एआईसीओपबीएक्स से एमआईएससीए को शीघ्र और सफलतापूर्वक प्राधिकार सौंप दे। इसके अतिरिक्त यह एमआईएससीए के नए नेतृत्व की नियुक्ति का स्वागत करता है;

31. सिविलियन क्रियाकलापों की रक्षा तथा प्रतिकार-एलआरए प्रचालनों के संदर्भ में बीआईएनयूसीए, अफ्रीकी संघ क्षेत्रीय कार्य बल (एयू-आरटीएफ) एमआईएससीए के बीच भरपूर समन्वय और उनमें सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल देता है;

32. अफ्रीकी संघ से रक्षा महानिदेशक तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तथा संकट में शामिल द्विपक्षीय साझेदारों से घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर एमआईएससीए की तैनाती और गतिविधियों के बाद प्रत्येक 60 दिन पर सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करने का अनुरोध करता है;

33. एमआईएससीए तथा 'कार' की सभी सैन्य शक्तियों से इस बात पर बल देता है कि अपने अधिदेश को कार्यान्वित करते समय कार की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और एकता का पूरा सम्मान करें तथा लागू अंतर्राष्ट्रीय मानवीय विधियों, मानवाधिकार विधि तथा शरणार्थी विधि का पूरा पालन करें तथा इस संबंध में प्रशिक्षण के महत्व का स्मरण करता है;

अंतर्राष्ट्रीय समर्थन

34. ईसीसीएएस देशों द्वारा पहले ही किए गए योगदान का स्वागत करता है। अफ्रीकी देशों (एमएआर) से एमआईएससीए में योगदान करने का आह्वान करता है जिससे यह अपना दायित्व पूरा कर सके तथा इसके अतिरिक्त यह सदस्य राज्यों और क्षेत्रीय संगठनों से अफ्रीकी संघ, ईसीसीएएस तथा संयुक्त राष्ट्रों, सेना उपलब्ध कराने वाले देशों तथा इस निमित संदान देने वाले संगठनों के साथ घनिष्ठ रूप से सहयोग करने का आह्वान करता है;

35. इस बात पर बल देता है कि सभी नई अफ्रीकी सेनाओं को एमआईएससीए के कमांड और नियंत्रण संरचना में मिला दिया जाएगा तथा इस संकल्प के पैरा 28 में निर्धारित किए गए अनुसार एमआईएससीए को दिए गए दायित्व के अनुसार कार्य करेगा;

36. संक्रमणकालीन प्राधिकारियों तथा 'कार' के अन्य सभी पक्षकारों से एमआईएससीए के परिनियोजन और प्रचालनों में पूरी तरह सहयोग करने, विशेष रूप से 'कार' के पूरे भू भाग में निर्बाध और तत्काल प्रवेश सहित रक्षा, सुरक्षा और आने-जाने की स्वतंत्रता के लिए आह्वान करता है ताकि यह अपने अधिदेश को पूरी तरह से कार्यान्वित कर सके तथा 'कार' के पड़ोसी देशों से एमआईएससीए के अधिदेश के कार्यान्वयन के समर्थन में उचित कदम उठाने का आह्वान करता है;

संयुक्त राष्ट्र सहायता

37. महासचिव से एमआईएससीए की आयोजना और परिनियोजन में अफ्रीकी संघ को तकनीकी और विशेषज्ञ सलाह देने के प्रावधान को बढ़ाना जारी रखने तथा प्रचालन के एमआईएससीए अवधारणा के कार्यान्वयन, एमआईएससीए मिशन मुख्यालय की स्थापना का अनुरोध करता है ताकि इसके कमांड और नियंत्रण तथा प्रशासनिक ढांचे को मजबूत किया जा सके, संचार और सूचना प्रौद्योगिक अवसंरचना में सुधार किया जा सके और आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके;

38. महासचिव से यह अनुरोध भी करता है कि अवैध प्रोदभवन और सभी प्रकार की जुड़ी सामग्रियों विशेषकर विस्फोटक हथियारों का भंडार बनाने के लिए छोटे हथियारों के निर्माण और वृद्धि की समस्या से मुकाबला करने युद्ध के विस्फोटक अवशेषों को हटाने तथा परंपरागत हथियारों के निस्तारण में एमआईएससीए का समर्थन;

39. बीआईएनयूसीए तथा एमआईएससीए के बीच उपयुक्त समन्वय तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है;

40. इस बात को रेखांकित करता है कि इस संकल्प के पैरा 37 और 43 में निहित समर्थन का अनुपालन संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार के अनुरूप होना चाहिए तथा गैर राष्ट्र संघ सुरक्षा बलों (एचआरडीडीपी) को संयुक्त राष्ट्र के समर्थन पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए;

वित्तपोषण

41. इस बात को रेखांकित करता है कि अपने संगठनों के कार्य के लिए मानवीय, वित्तीय, संभारिकी तथा अन्य संसाधनों को जुटाने की जिम्मेदारी क्षेत्रीय संगठनों की होती है जो उनके सदस्यों के अंशदान और साझेदारों की सहायता से एकत्र किए जाते हैं;

42. सदस्य राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा उप-क्षेत्रीय संगठनों से एमआईएससीए को वस्तु के रूप में अंशदान और वित्तीय सहायता देने का आह्वान करता है ताकि वह तैनाती कर सके तथा अपने अधिदेश का कार्यान्वयन कर सके तथा इस संबंध में अफ्रीकी शांति सुविधा जुटाने के माध्यम से, ऐसी वित्तीय सुविधा उपलब्ध करवाने की यूरोपीय संघ की इच्छा का स्वागत करता है;

43. महासचिव से एमआईएससीए के लिए एक न्यासनिधि स्थापित करने का अनुरोध करता है जिसके जरिए सदस्य राज्य और अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय संगठन एमआईएससीए को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा सकें तथा महासचिव से यह अनुरोध भी करता है कि इ यू के साथ समन्वय कर सदस्य राज्यों के दानदाता संगठनों के तथा संगत अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय संगठनों का सम्मेलन आयोजित करने में सहायता उपलब्ध करवाएं जिसका आयोजन इस न्यास के लिए शीघ्रातिशीघ्र अंशदान मांगने के लिए अफ्रीकी संघ द्वारा किए जाएगा;

44. सदस्य राज्यों से एमआईएससीए के नए संयुक्त राष्ट्र न्यासनिधि को उदारतापूर्वक दान देने का आह्वान करता है, साथ ही इस बात को ध्यान करता है कि न्यास के अस्तित्व में आने से प्रत्यक्ष द्विपक्षीय संबंधों के निष्कर्षों का अनुमान नहीं लगाया जा सकेगा तथा अफ्रीकी संघ से पुनः अनुरोध करता है कि महासचिव से परामर्श कर इस न्यास निधि को बजटीय अनुरोध सौंपे;

45. यह ध्यान करता है कि 13 नवम्बर, 2013 का एयू-पीएससी विज्ञप्ति; एयू के द्विपक्षीय और बहुपार्श्विक साझेदारों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करता है जो एमाईएससीए की तैनाती तथा प्रचालन के लिए सहायता उपलब्ध करवाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं;

पीकेओ

46. एयू तथा ईससीएएस के विचार को ध्यान में रखता है कि एमआईएससीए को अंततः संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना के रूप में परिवर्तित करने की आवश्यकता पड़ सकती है और इस संबंध में एमआईएससीए को संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में संभावित परिवर्तन के लिए आवश्यक तैयारी करने की महासचिव की आशय का स्वागत करता है;

47. महासचिव से संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रचालन में संभावित परिवर्तन के लिए त्वरित से आकस्मिक तैयारी और योजना निर्माण का अनुरोध करता है और इस बात पर बल देता है कि इस प्रकार का मिशन स्थापित करने के लिए भविष्य में इस परिषद के निर्णय की अपेक्षा होगी;

48. एयू से परामर्श कर महासचिव से इस संकल्प को अंगीकार किए जाने के अधिक से अधिक तीन माह के भीतर एमआईएससीए के संयुक्त राष्ट्र शांति ऑपरेशन के रूप में संभावित परिवर्तन को सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करने का अनुरोध करता है जिसमें 15 नवम्बर, 2013 के सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट के पैराग्राफ 45 में संदर्भित उपर्युक्त शर्तों को पूरा करने की जमीनी स्थिति का आंकलन भी शामिल है;

फ्रांसीसी बल

49. एयू-पीएससी के 13 नवम्बर, 2013 की विज्ञप्ति को ध्यान करता है जिसमें एमआईएससीए को बेहतर सहायता देने के लिए फ्रांसीसी सेना को मजबूत बनाने के प्रस्ताव का स्वागत किया गया है तथा एमआईएससीए और फ्रांसीसी बलों के बीच कारगर प्रचालनात्मक समन्वय की स्थापना के लिए एयू आयोग को प्रोत्साहित किया गया है;

50. 'कार' में फ्रांसीसी बलों के अपनी क्षमता के अधीन तथा विनियोजन की सीमा में अस्थायी अवधि में एमआईएससीए को उपरोक्त 28 द्वारा उपाबंध किए गए अधिदेश के निर्वहन में उसे सहायता देने के लिए सभी कदम उठाने के लिए प्राधिकृत करता है; कार में इस अधिदेश के कार्यान्वयन के संबंध में परिषद को रिपोर्ट करने का तथा उपरोक्त पैरा 32 में संदर्भित अफ्रीकी संघ द्वारा की गई रिपोर्ट करने से इस रिपोर्टिंग को समन्वित करने का फ्रांस से अनुरोध करता है और इसके शुरू होने के छह मास के भीतर इस अधिदेश की समीक्षा करने का निर्णय लेता है तथा विशेष रूप से 'कार' के पूरे राज्यक्षेत्र में इसकी सुरक्षा, संरक्षा तथा निर्बाध आवगमन सुनिश्चित कर फ्रांसीसी बलों की तैनाती और प्रचालन में संक्रमणकालीन प्राधिकारियों के पूर्ण सहयोग का आह्वान करता है तथा इसके अतिरिक्त 'कार' के पड़ोसी देशों में फ्रांसीसी बलों की कार्रवाई को समर्थन देने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान करता है;

मानवीय सिद्धांत, सुलभता, वित्तपोषण और कार्रवाई

51. 'कार' में बद से बदतर होती मानवीय स्थिति तथा मानवाधिकारों से जुड़े कार्यकर्ताओं के विरुद्ध असुरक्षा और आक्रमण बढ़ने से उत्पन्न मानवीय पहुंच पर अंकुश लगने के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त करता है;

52. संघर्ष सभी पक्षों विशेषकर पूर्व 'सेलेका' में जरूरतमंदों के पास मानवाधिकार से जुड़े संगठनों और राहत पहुंचाने वाले लोगों की तीव्र, सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने तथा मानवीय सहायता पहुंचाने के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शी सिद्धांतों जैसे तटस्थता, निष्पक्षता, मानवता और मानवीय सहायता के प्रावधान में स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का आह्वान करता है;

53. सदस्य राज्यों से कार के भीतर लोगों तथा पड़ोसी देशों में भाग गए शरणार्थियों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने की संयुक्त राष्ट्र की मानवीय अपील के प्रति शीघ्र प्रतिक्रिया व्यक्त करने का आह्वान करता है तथा इस निमित्त संयुक्त राष्ट्र के मानवीय संगठनों द्वारा चलाई जा रही मानवीय परियोजनाओं को शीघ्र कार्यान्वित करने के लिए प्रोत्साहित करता है;

मंजूरी व्यवस्था

